हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 22 जून 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

2 एक मिनी हाइवा और 8 ट्रैक्टर जब्त, अवैध रेत परिवहन पर शिकंजा



## प्रदेश के मुख्यमंत्री ने पीजी कॉलेज मैदान से प्रदेश की जनता को किया सम्बोधित

# आधुनिक चिकित्सा विज्ञान भी योग की उपयोगिता को कर रहा स्वीकार : साय





जनप्रतिनिधियों के साथ योग दिवस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय।



योगासान करते मुख्यमंत्रीद्ध



योगाभ्यास करते शहरवासी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

रविवार को शहर के पीजी कॉलेज मैदान में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के साथ ही जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों के साथ ही आम नागरिकों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया। योगा अभ्यास के दौरान सीएम श्री साय ने पीजी कॉलेज मैदान से प्रदेश की जनता को संबोधित करते हे कहा कि योग स्वास्थ्य और आरोग्य की ऐसी विश्वसनीय साधना है, जो जीवन के हर चरण में व्यक्ति का मार्गदर्शन करती है।

**खास बात**

- अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर किया सामूहिक योगाभ्यास

योग शरीर को निरोग, मन को शांत और विचारों को सकारात्मक बनाता है। मधुमेह, उच्च रक्तचाप, तनाव, अनिद्रा और मोटापे जैसी जीवनशैली जनित समस्याओं से बचाव में योग अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो रहा है। उन्होंने कहा कि आधुनिक चिकित्सा विज्ञान भी आज योग की उपयोगिता को स्वीकार कर रहा है और इसे बेहतर स्वास्थ्य के महत्वपूर्ण आधार के रूप में देख रहा है। मुख्यमंत्री ने भारतीय आध्यात्मिक परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि महर्षि पतंजलि ने योग को व्यवस्थित एवं वैज्ञानिक स्वरूप प्रदान किया। भगवान शिव को आदियोगी के रूप में स्मरण करते हुए उन्होंने कहा कि भारत की सांस्कृतिक चेतना में योग सदियों से जीवन का अभिन्न अंग रहा है। भगवान श्रीकृष्ण ने भी श्रीमद्भगवद्गीता के माध्यम से कर्मयोग, ज्ञानयोग और भक्तियोग का संदेश देकर संतुलित और उद्देश्यपूर्ण जीवन का मार्ग प्रशस्त किया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने जनजातीय युवाओं की शिक्षा और भविष्य को लेकर राज्य सरकार की प्रतिबद्धता का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि दिल्ली स्थित ट्राइबल यूथ हॉस्टल में सीटों की संख्या 50 से बढ़ाकर 200 की गई है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। हाल ही में जनजातीय वर्ग के 13 युवाओं द्वारा यूपीएससी प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण किया जाना पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को अवसर, संसाधन और मार्गदर्शन उपलब्ध कराकर उन्हें देश और समाज के नेतृत्व के लिए तैयार कर रही है। इस अवसर पर विधायक प्रबोध मिंज, विधायक रामकुमार टोप्पो, छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष संजय अग्रवाल, गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव, राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष राम किशुन सिंह, जिपं अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवनारायण यादव, महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, सभापति हरमिन्दर सिंह टिन्नी, पूर्व सांसद कमलभान सिंह मरावी, अखिलेश सोनी, भारत सिंह सिसोदिया, सरगुजा कमिश्नर नरेंद्र दुग्गा, आईजी दीपक झा, आयुष विभाग के संचालक राजेंद्र कुमार कटारा, कलेक्टर अजीत वसंत, एसएसपी राजेश अग्रवाल सहित अनेक पंचायत व नगरीय निकाय के जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में शहरवासी उपस्थित रहे।

### चिकित्सा शिक्षा के अधीन लाने की मंजूरी

सीएम श्री साय ने कहा कि उन्होंने कहा कि राज्य सरकार योग के व्यापक विस्तार और संस्थागत विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से योग विषय को समाज कल्याण विभाग से चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधीन लाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। योग आयुष पद्धति का महत्वपूर्ण अंग है और इस निर्णय से योग शिक्षा, प्रशिक्षण, अनुसंधान तथा जनजागरूकता गतिविधियों को नई दिशा और गति मिलेगी। राज्य सरकार का लक्ष्य योग को गांव-गांव, स्कूलों, कॉलेजों और समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाना है ताकि स्वस्थ जीवनशैली को जनआंदोलन का स्वरूप दिया जा सके। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से बच्चों और युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। विद्यालयों में योग को प्रोत्साहित करने का उद्देश्य केवल शारीरिक स्वास्थ्य नहीं, बल्कि एकाग्रता, आत्मविश्वास, अनुशासन और सकारात्मक सोच का विकास करना भी है। उन्होंने कहा कि जो लोग अब तक योग से नहीं जुड़ पाए हैं, वे आज से इसकी शुरुआत करें, क्योंकि जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए कोई भी समय देर नहीं होता।

### योग भारत की प्राचीन धरोहर

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि भारतीय संस्कृति में ब्रह्ममुहूर्त का विशेष महत्व है और इसी समय योगाभ्यास करना सबसे अधिक लाभकारी माना गया है। योगा से शारीरिक के साथ ही मानसिक मजबूती मिलती है। मन और तन दोनों सुरक्षित होते है। उन्होंने कहा कि योग भारत की प्राचीन धरोहर है, जिसे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से वैश्विक प्रतिष्ठा प्राप्त हुई है।

## खबर संक्षेप

### ईशान ने 22 बार रक्तदान कर दिया जागरूकता का संदेश



**सीतापुर।** रक्तदान करने को लेकर जहां समाज मे तरह तरह की भ्रांतियां है। वही नगर के 22 वर्षीय युवक ईशान सोनी ने 22 बार रक्तदान कर लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक किया।ईशान सोनी ने अपनी बहन के जन्मदिन पर 22वी बार रक्तदान कर दुर्घटना में घायल एक व्यक्ति की जान बचाई। युवक ईशान सोनी का कहना है कि रक्तदान को लेकर समाज में कई तरह की भ्रांतियां है जिसकी वजह से लोग रक्तदान करने से हिचकते है जबकि ऐसा कुछ नही है लोग जागरूकता के अभाव में रक्तदान से परहेज करते है। जिसकी वजह से कई जरूरतमंद को समय पर रक्त नही मिल पाता और रक्त के अभाव में उनकी जान तक चली जाती है। इसके लिए शासन एवं सामाजिक संगठनों को रक्तदान के प्रति लोगों के बीच जागरूकता अभियान चलाना चाहिए ताकि लोग जागरूक हो सके और जरूरत पड़ने पर रक्तदान कर जरूरतमंद की जान बचा सके। युवक ईशान ने बताया कि वे 22 बार रक्तदान कर चुके है लेकिन कभी उन्हें किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं हुई। भविष्य में आगे भी वो रक्तदान करते रहेंगे और लोगों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करेंगे।

### प्राकृतिक आपदा प्रबंधन एवं राहत हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन के निर्देशानुसार आगामी मानसून 2026 के दौरान संभावित प्राकृतिक आपदाओं से बचाव, त्वरित राहत एवं प्रभावी आपदा प्रबंधन व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जिला एवं तहसील स्तर पर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। जिला स्तर पर अपर कलेक्टर सुनील कुमार नायक एवं डिप्टी कलेक्टर श्रीमती उमा राज को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं अधीक्षक भू-अभिलेख श्रीमती दीपिका दुबे को सहायक नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### अवैध रेत खनन एवं परिवहन करते 6 ट्रैक्टर जब्त



**अम्बिकापुर।** अवैध रेत खनन एवं परिवहन के विरूद्ध खनिज विभाग ने बलरामपुर जिलान्तर्गत ग्राम मितगई एवं पिपरौल स्थित सिंदुर नदी क्षेत्र में अभियान चलाया। इस दौरान विभाग की टीम ने अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन में शामिल 4 वाहन ग्राम मितगई से 2 वाहन ग्राम पिपरौल क्षेत्र में जब्त किया है। खनिज अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान वाहन चालकों द्वारा रेत से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर जब्ती की कार्रवाई की गई है। जब्त वाहनों को विजयनगर एवं तातापानी पुलिस के सुपुर्द किया गया है।

# प्रधानमंत्री के 12 वर्षों के सफल कार्यकाल पर सीएम ने लिया वरिष्ठजन का आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- सीएम श्री साय ने राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत्त शिक्षक बृजेश पांडे से की मुलाकात



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार जनादेश प्राप्त कर 12 वर्षों तक प्रधानमंत्री के रूप में सफलतापूर्वक कार्य करने के अवसर पर प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अंबिकापुर में वरिष्ठ नागरिकों से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार निर्वाचित होकर और जनता का विश्वास अर्जित करते हुए 12 वर्षों तक देश के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ की तीन करोड़ जनता की ओर से प्रधानमंत्री श्री मोदी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित किए हैं। इस महत्वपूर्ण अवसर को प्रदेशभर में उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। इसी कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत वरिष्ठजनों से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करने का भी विशेष आयोजन किया गया है। इसी तारतम्य में मुख्यमंत्री श्री साय ने अम्बिकापुर में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत्त शिक्षक बृजेश पांडे से उनके निवास पर भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का समाज निर्माण और राष्ट्र निर्माण में अमूल्य योगदान होता है तथा उनके अनुभव और मार्गदर्शन से नई पीढ़ी प्रेरणा प्राप्त करती है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए वरिष्ठजनों का आशीर्वाद प्राप्त करना है, ताकि वे लंबे समय तक प्रधानमंत्री के रूप में देश की जनता की सेवा करते रहें और राष्ट्र को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाते रहें। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव, प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी, भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसौदिया, सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### भीम का मैंगो कैंडी असुरक्षित घोषित

**अम्बिकापुर।** आम जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि खाद्य पदार्थ भीम का मैंगो (पैक्ड) ग्रीन कलर (मैंगो आइस कैंडी) को राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, रायपुर द्वारा परीक्षण उपरांत असुरक्षित घोषित किया गया है। जनस्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए आम नागरिकों से आह्वान किया गया है कि उक्त खाद्य पदार्थ का क्रय एवं सेवन न करें। साथ ही सभी खाद्य विक्रेताओं, थोक एवं फुटकर व्यापारियों से अनुरोध है कि इस उत्पाद का क्रय, विक्रय एवं भंडारण तत्काल प्रभाव से बंद कर दें, ताकि अनजाने में भी इसके विक्रय की संभावना न रहे। संबंधित विक्रेता एवं व्यापारियों को निर्देशित किया जाता है कि उपलब्ध स्टॉक को अन्य खाद्य पदार्थों से पृथक सुरक्षित रूप से संधारित करें, जिससे उत्पाद के निर्माता कंपनी को वापस करने की कार्यवाही सुगमतापूर्वक की जा सके।

# छोटे भाइयों ने मिलकर बड़े भाई को उतारा मौत के घाट, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

- पुरानी रंजिश के कारण दिया वारदात को अंजाम



पुरानी रंजिश को लेकर अपने ही छोटे भाइयों ने मिलकर बड़े भाई की बेरहमी से हत्या कर दी। आरोपियों ने युवक के नाक को कांटने के साथ ही ईंट पत्थर से वार कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने मामले में नाबालिग समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

बताया जा रहा है कि थाना अंतर्गत बेलदगी बेंदोपानी अलगा निवासी 32 वर्षीय पांडे कोरवा आ. रामधन कोरवा पर 20 जून की दोपहर उसके ही अपने भाई श्रवण कोरवा और उसके छोटे नाबालिग भाई ने मिलकर हमला कर दिया। आरोपियों ने मृतक पांडे कोरवा के नाक को दांत से काटने के साथ ही ईंट-पत्थर से सिर पर हमला कर दिया। इस घटना में पांडे कोरवा की मौके पर मौत हो गई थी। इस घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द करने के साथ ही घटना की जांच की जा रही थी। इस दौरान एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर पुलिस टीम व एफएसएल की टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण करने के साथ ही आरोपियों की तलाश शुरू की। पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के बाद घेराबंदी कर आरोपी ग्राम अलगा निवासी 25 वर्षीय श्रवन कोरवा उर्फ सरवन आ. रामधन कोरवा व विधि से संघर्षरत बालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि भाइयों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर विवाद होता रहता था। इसी बात से नाराज होकर श्रवन कोरवा और नाबालिग भाई ने मिलकर अपने बड़े भाई के हत्या की योजना बनाई और जानलेवा हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने आरोपियों को बीएनएस की धारा 103 (1), 3(5) के तहत गिरफ्तार किया है। पुलिस ने विधि से संघर्षरत बालक को किशोर न्याय बोर्ड और आरोपी युवक को जेल भेज दिया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी संपत पोटाई, प्रधान आरक्षक सतीश कुमार सिंह, पीतांबर सिंह आरक्षक सुरेश गुप्ता,रामकुमार यादव, आशीष चौहान, सोहन राजवाड़े सक्रिय रहे।

### छड़ काटने को लेकर विवाद में युवक की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** मामूल विवाद पर युवक की हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने जांच उपरान्त हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम नवगई निवासी 25 वर्षीय गुलशन दास आ. घुरन दास ने पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराई थी कि उसका छोटा भाई मौसम दास की शादी चार साला पहले ग्राम पम्पापुर खुटनपपारा में हुई थी। शादी के बाद मौसम दास ससुराल में घर जमाई बनकर रहता था। 20 जून को सुबह 11.30 बजे रोशन दास ने उसे फोन कर जानकारी दी कि पडोस में रहने वाले लिलाम सिंह ने छड़ काटने को लेकर विवाद में लकड़ी के हरीशा से मार दिया जिससे सिर पर चोट लगने के कारण मौसम दास बेहोश हो गया। युवक को उपचार के लिए परिजन द्वारा अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई। मामले में एसएसपी राजेश अग्रवाल ने जांच व कार्रवाई के निर्देश दिए थे। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रारंभिक जांच के बाद पम्पापुर खुटनपारा निवासी 31 वर्षीय लिलाम सिंह आ. सोभु सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 103(1) के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

## शहर के 13 केंद्रों में हुई परीक्षा, सीसीटीवी की निगरानी और जैमर के बीच लिखी परीक्षा

# नीट की परीक्षा देने दिखा अभ्यर्थियों में उत्साह, 4 हजार 528 रहे उपस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



रविवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नीट की परीक्षा का आयोजन किया गया। इस दौरान अभ्यर्थियों को कड़ी जांच से गुजरना पड़ा। केंद्रों में सीसीटीवी की निगरानी और जैमर के बीच बच्चों ने बैठकर नीट की परीक्षा दी। कड़ी जांच प्रक्रिया और फिर से परीक्षा देने के तनाव के बाद भी अभ्यर्थियों का उत्साह कम नहीं हुआ। सरगुजा में नीट परीक्षा में 4 हजार 528 अभ्यर्थी शामिल हुए जबकि 684 अनुपस्थित रहे।

बता दें कि रविवार को एनटीए द्वारा राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) का आयोजन किया गया। मई महीने में हुई नीट के पेपर लीक होने के बाद पुनः यह परीक्षा आयोजित की गई थी। सरगुजा की बात की जाए तो संभागभर से 5,212 अभ्यर्थियों ने परीक्षा के लिए अपना पंजीयन कराया था। 21 को शहर के 13 केंद्रों में नीट की परीक्षा आयोजित की गई। दोपहर दो बजे से शुरू होने वाली नीट परीक्षा के लिए सुबह 11 बजे से ही अभ्यर्थियों को केंद्र में उपस्थित होने के निर्देश दिए थे और एनटीए के निर्देश के बाद सुबह से ही संभागभर से अभ्यर्थी केंद्रों में पहुंचने लगे थे। इस दौरान विशेष ड्रेस कोड का पालन करना पड़ा। इसके साथ ही केंद्र में प्रवेश से पहले अपने पहचान का सत्यापन कराने के साथ ही मेटल डिटेक्टर की जांच से गुजरना पड़ा। इसके साथ ही कई स्तर पर बच्चों के पात्रता की जांच की गई और उसके बाद उन्हें केंद्र के अंदर बैठने के अनुमति मिली। दोपहर डेढ़ बजे तक अभ्यर्थियों को केंद्र में प्रवेश दिया गया और इसके बाद पहुंचे अभ्यर्थियों को केंद्र से वापस लौटा दिया गया। इधर पेपर लीक के बाद सीआरपीएफ की कड़ी सुरक्षा के बीच गोपनीय सामग्री को केंद्रों तक पहुंचाया गया और बच्चों के बीच नीट पेपर का वितरण किया गया। दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक चली परीक्षा में पंजीकृत 5 हजार 212 अभ्यर्थियों से 4 हजार 528 अभ्यर्थी उपस्थित रहे जबकि 684 अभ्यर्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे।

### शहर में ट्रैफिक व्यवस्था की खुली पोल

रविवार को नीट परीक्षा के दौरान शहर में ट्रैफिक व्यवस्था की पोल खुल गई। शहर के विभिन्न हिस्सों में सुबह 11 बजे से जाम लगा रहा। इस दौरान शहर के स्कूल रोड जहां एक साथ तीन तीन सेंटर है जाम से लोगो को परेशानियों का सामना करना पड़ा। महामाया चौक से लेकर मल्टीपर्पज स्कूल के आगे तक जाम लगा रहा। जाम का कारण रविवार को लगने वाला बाजार के साथ ही संभागभर से आए अभ्यर्थियों की गाड़ियां थी। हालांकि पुलिस प्रशासन को इस बात की जानकारी पहले से थी की इस तरह की स्थिति निर्मित होगी लेकिन इसके बाद भी जाम से निपटने के लिए कोई उपाय नहीं किए गए। नीट की पुनः परीक्षा के सदमें से गुजर रहे अभ्यर्थियों को जाम के कारण कड़ी धूप में सेंटर तक दौड़ लगानी पड़ी। इसके साथ ही लोगों को भी परेशानी हुई। हैरानी की बात तो यह है कि इस रोड पर एक भी यातायात कर्मी तैनात नहीं किया गया था जो व्यवस्था को सुधार सके।



## खबर संक्षेप

### पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों को मिलेगी आवासीय शिक्षा

**बैकुण्ठपुर।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के मेधावी बच्चों के लिए संचालित अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना के तहत वर्ष 2026-27 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 22 जून से प्रारंभ होगी। इच्छुक एवं पात्र विद्यार्थी 3 जुलाई 2026 तक श्रम विभाग के पोर्टल पर आवेदन कर सकेंगे। योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के ऐसे मेधावी बच्चों का चयन किया जाएगा, जिन्होंने कक्षा पांचवीं उत्तीर्ण की है। चयनित विद्यार्थियों को कक्षा 6वीं से 12वीं तक प्रदेश के प्रतिष्ठित आवासीय विद्यालयों में निःशुल्क शिक्षा, आवास एवं भोजन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। श्रम पदाधिकारी, कोरिया ने जानकारी दी है कि योजना का उद्देश्य श्रमिक परिवारों के प्रतिभाशाली बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराकर उनके उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करना है। उन्होंने कहा कि पात्र अभिभावक निर्धारित समयावधि में ऑनलाइन आवेदन अवश्य करें, क्योंकि अंतिम तिथि 3 जुलाई 2026 के बाद किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आवेदन प्रक्रिया एवं अन्य जानकारी के लिए श्रम पदाधिकारी कार्यालय, बैकुंठपुर, जिला कोरिया में संपर्क किया जा सकता है। कार्यालय द्वारा आवेदकों को आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी।

### अवैध शराब बेचने वाला आरोपी जेल दाखिल

**बैकुण्ठपुर।** जिला आबकारी आबकारी टीम ने कसरा क्षेत्र में सघन गस्त कर एक आरोपी को 7 लीटर शराब बेचते हुए पकड़ा और उसकी 14 दिन के न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा है। कंट्रोल रूम में पदस्थ सहायक आबकारी अधिकारी को मुखबीर से जानकारी मिली कि ग्राम कसरा में लखन रुपसाय भारी मात्रा में महुआ शराब को पाऊच में पैक कर 100 रुपए और बोतल को 200 रुपए की दर से बिक्री किया जा रहा है, उन्होंने तत्काल टीम के साथ पहुंचकर छापा मार कार्रवाई की जिसमें जेरिकेन एवं पाऊच बोतलों में भरी हुई 7 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी को रंगे हाथों पकड़ा गया। आरोपी लखन रूपसाय के विरुद्ध प्रकरण धारा 34/2 आबकारी एक्ट के तहत पंजीबद्ध कर न्यायालय बैकुंठपुर में प्रस्तुत किया गया, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा 14 दिन के न्यायिक रिमांड पर आरोपी को जिला जेल बैकुंठपुर भेजा गया है। आबकारी अधिकारी ने जानकारी दी है कि अवैध शराब तस्कर नदी नालों के किनारे में महुआ लहान को सड़ाते हैं, फिर शराब बनाते हैं। महुआ जल्द सड़े जिसके लिए सोहागा, रानू गोली व यीस्ट आदि घातक रासायनिक का भी इस्तेमाल करते हैं। जो किडनी लीवर को डैमेज करने के लिए सेहत के लिए घातक साबित होते हैं। गांव-गांव में सस्ती दर में शराब उपलब्ध होने से शराबी इसी शराब का ज्यादा इस्तेमाल करते हैं।

### पहले ही प्रयास में सीए बने मधुर

**मनेन्द्रगढ़।** मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के बल पर सफलता की नई इबारत लिखते हुए शहर के युवा मधुर अग्रवाल ने चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) परीक्षा में शानदार सफलता हासिल की है। शहर के प्रतिष्ठित समाजसेवी रहे सम्पत अग्रवाल परिवार व गांधी चौक के समीप संचालित ड्रीम्स कलेक्शन के संचालक मनीष अग्रवाल के पुत्र मधुर ने अपने प्रथम प्रयास में ही सीए परीक्षा उत्तीर्ण कर न केवल परिवार बल्कि पूरे मनेन्द्रगढ़ जिले को गौरवान्वित किया है। सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि उन्होंने देशभर में 51वीं रैंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। मधुर अग्रवाल की सफलता इसलिए भी विशेष मानी जा रही है क्योंकि उन्होंने इस कठिन परीक्षा की तैयारी बिना किसी ट्यूशन और कोचिंग के की। उन्होंने घर पर रहकर स्व-अध्ययन के माध्यम से परीक्षा की तैयारी की और कठिन परिश्रम के दम पर यह मुकाम हासिल किया। देश की सबसे चुनौतीपूर्ण पेशेवर परीक्षाओं में शामिल सीए परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक प्राप्त करना किसी भी छात्र के लिए बड़ी उपलब्धि माना जाता है।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर मानस भवन में सामूहिक योगाभ्यास

# बीमारियों से बचाव के लिए योग सबसे कारगर उपाय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय बैकुंठपुर स्थित मानस भवन में जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योगा फॉर हेल्दी एजिंग (स्वस्थ आयु के लिए योग) थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के कृषि एवं अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने योग के विभिन्न आसनों और प्राणायाम का अभ्यास कर लोगों को नियमित योग अपनाने का संदेश दिया।

योग भारत की अमूल्य धरोहर, इसे जीवन का हिस्सा बनाएं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री रामविचार नेताम ने जिलेवासियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि योग और प्राणायाम भारत की प्राचीन संस्कृति और ऋषि-मुनियों की महान देन है, जिसका अनुसरण आज पूरा विश्व कर रहा है। उन्होंने कहा कि योग मानव जीवन को स्वस्थ, निरोगी और संतुलित बनाए रखने का सबसे सरल माध्यम है। योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने वाली जीवनशैली है। यदि प्रत्येक व्यक्ति प्रतिदिन कम से कम एक घंटा अपने स्वास्थ्य के लिए निकाले तो वह जीवनभर निरोग और ऊजार्वान रह सकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने योग को विश्व पटल पर स्थापित किया मंत्री श्री नेताम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से योग को वैश्विक पहचान मिली है।



मानस भवन में मंत्री रामविचार नेताम के मुख्य आतिथ्य में किया गया जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास।



आयोजन में विभिन्न योग मुद्राओं का कराया गया योगाभ्यास।

## आज पूरी दुनिया योग को अपनाकर स्वस्थ जीवन की ओर बढ़ रही

आज पूरी दुनिया योग के महत्व को समझ रही है और इसे अपनाकर स्वस्थ जीवन की ओर बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि योग मानसिक तनाव को दूर करने, सकारात्मक सोच विकसित करने और जीवन में संतुलन स्थापित करने का सबसे प्रभावी उपाय है। बदलती जीवनशैली और बढ़ते तनाव के दौर में योग की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। बचपन से योग की आदत विकसित करने पर जोर मंत्री ने कहा कि बच्चों को बचपन से ही योगाभ्यास की आदत डालनी चाहिए। इससे उनका शारीरिक और मानसिक विकास बेहतर होता है तथा जीवनभर स्वस्थ रहने की मजबूत नींव तैयार होती है। उन्होंने अभिभावकों से भी बच्चों को योग के लाभों से परिचित कराने का आग्रह किया। योग को जन-जन तक पहुंचाने का है सामूहिक प्रयास कार्यक्रम में बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े ने कहा कि योग हजारों वर्षों पुरानी भारतीय परंपरा है, जिसे हमारे ऋषि-मुनियों ने मानव कल्याण के लिए विकसित किया। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन थोड़े समय का योगाभ्यास भी व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रख सकता है। कलेक्टर रोक्तिमा यादव ने कहा कि योग जीवन को नई दिशा देने वाला अनुशासन है। यह न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा और कार्यक्षमता में भी वृद्धि करता है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए जिलेवासियों से प्रतिदिन 40 से 50 मिनट योगाभ्यास के लिए समय निकालने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि योग केवल एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने की सशक्त जीवनशैली है। योगाचार्य ने कराया विभिन्न आसनों और प्राणायाम का अभ्यास सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में योगाचार्य द्वारा प्रतिभागियों को ग्रीवा चालन, हस्त चालन, कटि चालन, ताड़ासन, वृक्षासन, वज्रासन, मंडूकासन, दण्डासन और पद्मासन सहित अनेक योगासन कराए गए। इसके साथ ही अर्धहलासन, उत्तानपादासन, भुजंगासन, शलभासन और शशांकासन जैसी योग मुद्राओं का भी अभ्यास कराया गया। श्वास आधारित प्राणायाम के अंतर्गत अनुलोम-विलोम, कपालभाति एवं भ्रामरी प्राणायाम की विधि और उनके लाभों की जानकारी दी गई। जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और विद्यार्थियों ने किया सामूहिक योगाभ्यास जिला स्तरीय कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहितराम पैकरा, नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर की अध्यक्ष नविता शिवहरे, जिला पंचायत सदस्य गीता राजवाड़े, वनमंडलाधिकारी प्रभाकर खलखो, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेशा चौबे सहित आयुष विभाग के अधिकारी, कर्मचारी सहित जिलास्तरीय व ब्लॉक स्तरीय के अधिकारी -कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### एनसीसी कैडेट्स ने किया योगाभ्यास

12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शहर के मानस भवन में एनसीसी कैडेट्स ने भाग लेकर योग के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुण्ठपुर के एनसीसी ट्रुप के 30 कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती कृपा कल्याणी टोप्पो के निर्देशन एवं सहयोग से एनसीसी अधिकारी संजीव कुमार जायसवाल के नेतृत्व में कैडेट्स ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। इसके निरंतर अभ्यास से स्वस्थ शरीर के साथ निरोगी होने का लाभ मिलेगा।

### जिला न्यायालय में योग शिविर



विश्व योग दिवस के अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय बैकुंठपुर में विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से जुड़े अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। आयोजित योग शिविर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय बैकुंठपुर के जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश समीर कुजूर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती अमृता दिनेश मिश्रा, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी श्रीमती प्रेरणा आहिरे, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी ओम चौहान सहित न्यायालय के अधिकारी-कर्मचारी एवं लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के सदस्य उपस्थित रहे। योग प्रशिक्षक कृष्ण कुमार राजवाड़े ने सभी प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। उन्होंने योग के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के उपाए बताए तथा नियमित योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की सलाह दी। इस अवसर पर जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश समीर कुजूर ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने की एक प्रभावी पद्धति है। उन्होंने सभी को नियमित रूप से योग करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि योग मन, मस्तिष्क और शरीर को स्वस्थ रखने का सबसे सरल और प्रभावी माध्यम है।

### जगाई गई स्वस्थ जीवनशैली की चेतना




भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर एवं विश्व मानवता को स्वस्थ जीवन का संदेश देने वाली योग परंपरा के सम्मान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर न्यू लाइफ हेल्थ एंड एजुकेशन सोसाइटी में उत्साह, अनुशासन और सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था के संचालक डॉ. प्रिंस जायसवाल के प्रेरणादायी नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं एवं समस्त स्टाफ ने योगाभ्यास कर स्वस्थ, संतुलित और जागरूक जीवनशैली का संदेश दिया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के पावन अवसर पर न्यू लाइफ हेल्थ एंड एजुकेशन सोसाइटी परिसर योगमय वातावरण से सराबोर हो उठा। संस्था के संचालक डॉ. प्रिंस जायसवाल के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रेरणादायी नेतृत्व में आयोजित विशेष योग कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं तथा समस्त स्टाफ ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए योगाभ्यास किया और स्वस्थ जीवन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक योगाभ्यास से हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की क्रियाओं का अभ्यास कर शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन का अनुभव किया। इस अवसर पर अपने प्रेरक उद्बोधन में संस्था के संचालक डॉ. प्रिंस जायसवाल ने कहा कि योग केवल एक दिवस का आयोजन नहीं, बल्कि जीवन को संतुलित, स्वस्थ और ऊजार्वान बनाने की एक सतत प्रक्रिया है।

### गर्ल्स कालेज में किया गया योगाभ्यास

शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले महाविद्यालय प्रांगण में योगाभ्यास का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राणायाम, सूर्य नमस्कार एवं सूक्ष्म योग का सामूहिक अभ्यास किया गया। इस दौरान भारत सिंह ने योग से होने वाले लाभ के बारे बताते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने दैनिक दिनचर्या में प्रति दिवस योग अभ्यास को शामिल करना चाहिए। उन्होंनेसभी को योग के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि स्वस्थ और सफल जीवन के लिए योग जरूरी है। इस योगाभ्यास कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालयीन स्टॉफ कनकलता पैकरा, डॉ सुमित कुमार डे, वरूण कुमार कुशवाहा, रितेश कुमार गुप्ता, डॉ. ऋचा श्रीवास्तव, विपिन सिंह, प्रतिभा उपाध्याय, भागवत प्रसाद साहू, कु प्रियंका, सत्येंद्र सिंह पैकरा, बिनयामिन लकड़ा सहित अन्य शामिल रहे।

### योग से स्वस्थ जीवन का दिया संदेश



**चरचा कॉलरी।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नगर पालिका शिवपुर चरचा एवं भाजपा मंडल शिवपुर चरचा के संयुक्त तत्वावधान में वार्ड क्रमांक 6 स्थित सामुदायिक भवन में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, नगर पालिका अधिकारियों, कर्मचारियों एवं भाजपा कार्यकतार्ओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योगाभ्यास किया तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष अभिमन्यु मुदुली, मंडल अध्यक्ष दीपा विश्वकर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी वशिष्ठ कुमार ओझा, उप अभियंता आलोक चक्रधारी, सफाई निरीक्षक हरीश जायसवाल, पार्षद प्रदीप तिवारी, श्याम नारायण यादव, शिल्पा शर्मा सहित भाजपा मंडल के सदस्य एवं नगर पालिका कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश सिंह एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष अभिमन्यु मुदुली ने उपस्थित लोगों को योग के महत्व एवं विभिन्न योगासन, प्राणायाम तथा ध्यान की विधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करने की एक प्राचीन भारतीय पद्धति है, जो व्यक्ति को मानसिक शांति, आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि नियमित योग करने से उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मोटापा, तनाव, अनिद्रा और हृदय संबंधी अनेक बीमारियों से बचाव संभव है। योग शरीर को लचीला बनाता है, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है तथा व्यक्ति को स्वस्थ और सक्रिय जीवन जीने की प्रेरणा देता है। विशेष रूप से आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में योग मानसिक तनाव को कम करने और एकाग्रता बढ़ाने का प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, वज्रासन, अनुलोम-विलोम, कपालभाति तथा ध्यान का अभ्यास किया। वक्ताओं ने सभी नागरिकों से प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट योग करने की अपील करते हुए इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आग्रह किया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्वच्छता का संदेश देते हुए सामुदायिक भवन परिसर में विशेष साफ-सफाई अभियान भी चलाया गया। नगर पालिका कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने स्वयं श्रमदान कर परिसर को स्वच्छ बनाया तथा लोगों को स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम का समापन स्वस्थ, स्वच्छ और नशामुक्त समाज के निर्माण के संकल्प के साथ हुआ। योग के साथ-साथ स्वच्छता, संतुलित आहार और सकारात्मक सोच को अपनाकर ही स्वस्थ एवं समृद्ध समाज का निर्माण संभव है।

### 7 साल की उम्र अनिका ने मंच पर दिखाया योग का हुनर

12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय बैकुंठपुर स्थित मानस भवन में जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में 7 वर्षीय बालिका अनिका तिवारी ने अपने योग प्रदर्शन से उपस्थित जनसमुदाय को आश्चर्यचकित कर दिया। अनिका तिवारी योगगुरु अनिल शर्मा के मार्गदर्शन मे पिछले 2 साल से नियमित योग और प्राणायाम कर रही हैं। अनिका ने कार्यक्रम में सूर्य नमस्कार, चक्राशन, ताड़ासन, वृक्षासन और अनुलोम-विलोम प्राणायाम का प्रदर्शन किया। अनिका के इस प्रदर्शन ने यह संदेश दिया कि यदि बच्चों को सही दिशा मिले तो वे कम उम्र में भी बड़ा बदलाव ला सकते हैं।



### ग्राम पंचायत बरबसपुर में मना अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**बरबसपुर।** ग्राम पंचायत बरबसपुर में 21 जून को 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन माध्यमिक शाला प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत की सरपंच, जनप्रतिनिधिगण, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम किए। योग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में योग के महत्व और नियमित योगाभ्यास से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक लाभों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने भाग लेते हुए योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का संकल्प लिया।



## जनकल्याणकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

**बैकुण्ठपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'विश्वास के, विकास के जनकल्याण' कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पंचायत पटना स्थित कन्या माध्यमिक शाला परिसर में वृहद पंजीकरण समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक श्री राजवाड़े ने केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से ऐसे शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने नागरिकों से विभिन्न योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने का आग्रह किया। उन्होंने अधिकारियों से अपील करते हुए कहा कि विभिन्न कार्यों के लिए प्राप्त पंजीकरण आवेंदनो का समाधान समय पर करें ताकि उसका लाभ मिल सके। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने कहा कि शासन द्वारा अनेक जनहितकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं और नागरिकों को इनका लाभ प्राप्त करने के लिए अपने आवश्यक दस्तावेज अद्यतन रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविरों के माध्यम से शासन और आमजन के बीच सीधा संवाद स्थापित हो रहा है तथा योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाया जा रहा है।

## खनिज विभाग ने की बड़ी कार्रवाई, अभियान जारी रहेगा

# एक मिनी हाइवा और 8 ट्रैक्टर जब्त, अवैध रेत परिवहन पर शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले में अवैध खनिज परिवहन के खिलाफ खनिज विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक मिनी हाईवा सहित 8 ट्रैक्टरों को जब्त किया है। बैकुंठपुर और पटना क्षेत्र में गश्त के दौरान इन वाहनों को अवैध रूप से रेत एवं ईंट का परिवहन करते हुए पकड़ा गया।

खनिज विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए कुल 9 वाहनों को मौके पर ही जब्त कर उन्हें संबंधित थाना बैकुंठपुर एवं पटना की अभिरक्षा में सौंप दिया है। विभाग के अनुसार अवैध खनिज परिवहन के विरुद्ध यह अभियान लगातार जारी रहेगा। जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि संबंधित वाहन मालिकों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 की धारा 71 तथा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 से 23 (ख) के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। जिला खनिज अधिकारी ने कहा कि जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में भी ऐसी गतिविधियों पर सख्ती से रोक लगाने के लिए नियमित निरीक्षण एवं कार्रवाई जारी रहेगी।



जब्त ट्रैक्टर।


हरिभूमि

रेत का खतरनाक खेल...

तीन की हत्या के बाद भी नहीं मान रहे तस्कर

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

# नौगई तिहरे हत्याकांड के 9 आरोपी जेल गए

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले के सोनहत थाना अंतर्गत ग्राम नौगई में हुए तिहरे हत्याकांड मामले में 9 आरोपी जेल दाखिल करा दिए गए हैं। प्रार्थी आदित्य सिंह पिता भरत सिंह उर्फ लल्ला सिंह निवासी महलपारा बैकुंठपुर की सूचना पर थाना सोनहत में अपराध क्रमांक 66/2026 के तहत धारा 190, 191(2), 191(3), 109, 324, 103(1), 326(जी) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था।

घटना के बाद कोरिया पुलिस ने पहले ही चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया था। इसके बाद पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज के निर्देशन में गठित संयुक्त टीम ने 20 जून को फरार पांच मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में निशांत त्रिपाठी पिता सत्य कुमार त्रिपाठी,


हरिभूमि

रेत खनन पर खूनी संघर्ष

भाजपा नेता को दो भाइयों समेत फॉर्च्यूनर में जिंदा जलाया

मनोज त्रिपाठी पिता राममिलन त्रिपाठी, अमन त्रिपाठी पिता महेंद्र त्रिपाठी, गौरव त्रिपाठी पिता अंजनी त्रिपाठी, आशुतोष त्रिपाठी पिता मनोज त्रिपाठी सभी आरोपी ग्राम नौगई, थाना सोनहत के निवासी हैं। कोरिया पुलिस के अनुसार मामले में विवेचना जारी है और घटना से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच की जा रही है।

### 3 परीक्षा केंद्रों में 724 अभ्यर्थी हुए शामिल

**मनेन्द्रगढ़।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 2026 जिले में रविवार को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में प्रवेश के लिए आयोजित इस महत्वपूर्ण परीक्षा के लिए जिले में तीन परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जहां जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा, निगरानी, यातायात प्रबंधन तथा परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं। प्रशासनिक सतर्कता, प्रभावी समन्वय एवं बेहतर प्रबंधन के चलते परीक्षा बिना किसी व्यवधान के संपन्न हुई।

## खबर संक्षेप

### अभिषेक वर्मा को इतिहास विषय में पीएचडी की उपाधि



**अम्बिकापुर।** डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय, द्वारा अभिषेक वर्मा को इतिहास विषय में उनके शोध प्रबंध छत्तीसगढ़ राज्य के सरगुजा संभाग के पुरातात्विक एवं धार्मिक स्थलों का अध्ययन पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने अपना शोध इतिहास विभाग प्राध्यापक डॉ. अंजू तिवारी के मार्गदर्शन में पूर्ण किया है। अभिषेक वर्मा ने यूजीसी-नेट, सीटेट उत्तीर्ण करने के साथ ही एमबीए, एमए हिंदी, इतिहास, एम.कॉम तथा बीएड की उपाधियां प्राप्त की है। अभिषेक वर्मा पूर्व पार्षद विनोद वर्मा एवं श्रीमती कमला वर्मा के सुपुत्र हैं।

### प्रधानमंत्री पर आपत्तिजनक टिप्पणी, बतौली वासियों ने थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन



**सेदम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम व्हाट्सएप ग्रुप में की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर आज बतौलीवासी उक्त व्यक्ति के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। बतौली विद्युत संवाद ग्रुप बतौली में व्हाट्सएप के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर ग्रुप में अपमानजनक टिप्पणी की बतौली वासियों ने घोर निंदा की है। साथ ही विद्युत संवाद ग्रुप में संबंधित व्यक्ति पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है। मोबाइल धारक द्वारा प्रधानमंत्री पर जो शब्द भाषा का प्रयोग किया गया है वह बेहद ही आपत्तिजनक है जिसकी टिप्पणी को देख बतौली वासियो द्वारा बतौली थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देकर करवाई की बात कही है। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### जेबीसीसीआई 12 के गठन में देरी, 1 जुलाई को श्रमिक महासंघो ने देशव्यापी विरोध करने की दी चेतावनी

**बिश्रामपुर।** कोल इंडिया प्रबंधन पर उदासीनता और श्रमिक हितों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए चार प्रमुख कोयला मजदूर महासंघों के संयुक्त मंच जॉइंट एक्शन फोरम ने जेबीसीसीआई 12 के गठन में हो रही देरी को लेकर नाराजगी जाहिर की है,महासंघों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सकारात्मक पहल नहीं हुई तो आंदोलन को और गति दी जाएगी,चारों महासंघों एचएमएस, इंटक, एटक तथा सीटू के नेताओं की गत दिनों 5 जून को आयोजित बैठक में इस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में नेताओं ने आरोप लगाया कि कोयला मंत्रालय कोल इंडिया का रवैया लगातार असहयोगात्मक और पक्षपातपूर्ण बना हुआ है, जिस कारण लाखों कोयला कर्मियों की उम्मीदें अधर में लटक गई हैं। महासंघों का कहना है कि जेबीसीसीआई 11 का कार्यकाल 30 जून को समाप्त हो रहा है। यह समिति कोयला कर्मियों के वेतन, भत्तों और सेवा शर्तों से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णयों का आधार होती है। बावजूद इसके अब तक जेबीसीसीआई 12 के गठन की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं होना गंभीर चिंता का विषय है। श्रमिक संगठनों का कहना है कि वे लंबे समय से विभिन्न मंचों के माध्यम से नई समिति के गठन की मांग उठा रहे हैं, लेकिन न तो कोयला मंत्रालय और न ही कोल कंपनियों के शीर्ष प्रबंधन ने इस संबंध में कोई स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत किया है।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 1 जुलाई को देशभर की कोयला खदानों, परियोजनाओं और इकाइयों में व्यापक विरोध प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे। इसके तहत गेट मीटिंग, धरना-प्रदर्शन, रैली, पोस्टर अभियान और पर्चा वितरण जैसे कार्यक्रम चलाए जाएंगे।जेबीसीसीआई 12 के गठन के साथ ही श्रमिक संगठनों ने कर्मचारियों के लंबित एरियर भुगतान का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया है। संयुक्त मांग-पत्र के माध्यम से प्रबंधन से मांग की गई है कि नई वेतन वार्ता समिति का गठन तत्काल किया जाए और बकाया एरियर का भुगतान शीघ्र किया जाए।

## एक जोड़ी भैंस चोरी हो जाने पर गया था मन्नत मांगने

# देर रात्रि देवगुड़ी में पूजा करने के दौरान बुजुर्ग की हुई हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम

**खास बात**

- बुजुर्ग की हत्या से क्षेत्र में मचा हड़कंप, आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

बतौली क्षेत्र के ग्राम पोकसरी में सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब एक बुजुर्ग की हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि बुजुर्ग के घर से एक जोड़ी भैंस चोरी हो गया था जिससे वापस पाने के लिए शनिवार की देर रात बुजुर्ग गांव के देवगुड़ी पूजा स्थल में मुर्गा और चावल लेकर मन्नत मांगने पूजा कर रहा था तभी अज्ञात लोगों ने मोटे डंडे से उसके सिर पर प्राणघात हमला कर दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इधर हत्या की राज जानने बतौली पुलिस व फॉरेंसिक एक्सपर्ट द्वारा जांच शुरू कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार बतौली थाना अंतर्गत ग्राम पोकसरी निवासी संतलाल उर्फ बिरहा आ. भगवान कंवर (55 वर्ष) शनिवार शाम अपने बेटे दिनेश के साथ ग्राम कुनकुरी अपने मामा जीवन नाथ के यहां गया हुआ था जहां बेटा दिनेश कुनकुरी में हो रहे शादी देखने में मशगूल था वहीं संतलाल अपने घर पोकसरी आ गया। संतलाल जब देर रात्रि 1 बजे घर आया जो देखा कि घर खुला हुआ है और कोठार में बंधे एक जोड़ी भैंसा गायब था जिससे लेकर चिंतित था। देर रात ही एक जोड़ी भैस को वापस पाने के लिए देर रात अकेले ही घर से मुर्गी व चावल लेकर बांधवाटिकरा स्थित देवगुड़ी में पूजा करने चला गया जहां पूजा करने के दौरान ही अज्ञात लोगों ने उसके सिर पर जानलेवा हमला कर दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सुबह संतलाल की बंधवाटिकरा स्थित देवगुड़ी में खून से लथपथ शव मिलने से हड़कंप मच गया जो पीपल वृक्ष के नीचे झुके हुए अवस्था में सिर के बल शव पड़ा हुआ था। संतलाल को संभवतः लकड़ी या किसी वजनदार वस्तु से सिर पर वार किया था जिससे मौके पर ही अचेत होकर बुजुर्ग की मौत हो गई है। परिजन सहित ग्रामीणों की सूचना पर तत्काल पुलिस व फॉरेंसिक एक्सपर्ट मौके पर पहुंच हत्या शुरू कर दी है।



घटना स्थल पर जांच करती फॉरेंसिक टीम, इनसेट में मृतक।

### देर रात आए थे बाइक से तीन युवक

मृतक के बड़े भाई बिंद्रराम उसकी पत्नी लग्नकुवर ने बताया कि संतलाल देर रात्रि 1 बजे घर आया था और देखा देखा घर खुला हुआ है और कोठार में बंधे एक जोड़ी भैंसा गायब है जिससे लेकर चिंतित हो गया फिर अकेले ही घर से मुर्गी व चावल लेकर बांधवाटिकरा स्थित देवगुड़ी में पूजा करने चला गया जहां उसकी हत्या कर दी गई। संतलाल के घर आने से एक घंटा पूर्व रात्रि 12 बजे करीब बाईक में सवार 3 युवक संतलाल के घर पहुंचे और उसका नाम लेकर चिल्ला रहे थे जो मृतक के भैंसा को भी ले गए। हम लोग डर से घर से नहीं निकले थे।

### शुक्रवार को हुआ था गांव के युवक से विवाद

मृतक के बेटे के दोस्त पोकसरी निवासी युवक जानचंद आ. रघन मृतक के बड़े भाई के यहां सवेरे 5 बजे आंगन में बैठकर 2 दोस्तों के संग शराब पी रहा थे। इसी दौरान संतलाल आकर जानचंद को किसका किसका कर्ज खाए हो बोला तो जानचंद शराब के नशे में संतलाल को 3 -4 थप्पड़ मारा जिससे आक्रोशित संतलाल भी युवक को टांगी के बैट से मारा था जिससे वह बेहोस ही गया था। घटना के बाद संतलाल पैदल ही घटना की जानकारी देने बतौली थाना निकल पड़ा लेकिन कुनकुरी मामा घर घुसने व घटना बताने पर थाना नहीं गया और घर वापस आ गया वहीं आज संतलाल की मौत से मामला संदेहास्पद हो गया है।

### फॉरेंसिक एक्सपर्ट व पुलिस को मिले कई सुराग

घटना की जानकारी लगने पर थाना प्रभारी विवेक सेंगर की निर्देश पर एसआई आभास मिंज, राकेश कुमार, राजेश मौके पर तत्काल पहुंचे जबकि फॉरेंसिक एक्सपर्ट से डॉ. बृजेश कुमार नागवंशी, आकाश कन्नौज टीम के साथ जांच में जुट गए। शव के समीप सरई का मोटा डंडा, मोबाइल, टांगी बरामद किया गया है। पुलिस ने जल्द ही गिरफ्तार करने की बात कही है।

### पकड़े गए है दो संदिग्ध

हत्या के मामले में पुलिस के हाथ कुछ सुराग लगे है। संदेह के आधार पर दो संदेहियों को हिरासत में लिया गया। दोनों से पूछताछ की जा रही है। जांच जारी है और जल्द ही हत्या का खुलासा होगा।

-राजेंद्र मंडावी
एसडीओपी



### वन परिक्षेत्र कुदरगढ़ की पहल पर टेमरी में हुआ बाघ संरक्षण व प्रशिक्षण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओड़गी

वन परिक्षेत्र कुदरगढ़ के पहल पर टेमरी में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा बाघ संरक्षण व प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में संयुक्त वनमंडलाधिकारी एवं परिक्षेत्र के अधिकारी, कर्मचारी एवं बाघ ट्रेकर्स ने उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त किया तथा अपने अनुभव को साझा किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बाघ निगरानी, सुरक्षा व संरक्षण संबंधी मार्गदर्शन दिया गया।

कार्यक्रम में कैमरा ट्रैप, डिजिटल गश्त और सटीक डेटा संकलन के लिए आधुनिक तकनीकी उपकरणों व मोबाइल एप्लीकेशन का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ाने की रणनीतियों पर भी जोर दिया गया। कोरिया व सूरजपुर सीमा पर बाघ का मूवमेंट ज्यादा होता हैं इसलिए टेमरी में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया ताकि सभी स्टाफ को बाघ के पगमार्क, स्क्रैच मार्क आदि देख सकें।

इस मौके पर संयुक्त वनमंडलाधिकारी ओड़गी मनोज कुमार शाह ,वन परिक्षेत्र अधिकारी कुदरगढ़ विकास गुप्ता, गौरव निलहानि वाइल्ड लाइफ एक्सपर्ट ,परिक्षेत्र सहायक सोहन राम, सुदामा सिंह, श्रद्धा देवी पैकरा, समस्त संबंधित परिसर रक्षक, दोनों रेंज के बाघ ट्रेकर्स मौजूद रहें।

### लड़कियों के साथ गलत टिप्पणी करने से मना कर रहे युवक की पिटाई

**अम्बिकापुर।** बारात में शामिल युवकों द्वारा लड़कियो के साथ गलत टिप्पणी पर जब युवक ने मना किया तो युवकों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। ग्राम खड़गवां निवासी महादेव आ. लालसाय (25 वर्ष) ने चंदोरा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 19 जून को संतोष आ. सुखलाल का बारात ग्राम पकनी के नंदू के घर आया था। 20 जून की रात लगभग 2 बजे बारात में आए ग्राम पकनी के बृज कुमार, महेश्वर व अन्य युवकों ने ग्राम खड़गवां के लड़कियों के साथ गलत टिप्पणी करना शुरू कर दिया। जिसे देख जब महादेव ने मना किया तो सभी ने गाली-गलौज करते हुए उसकी जमकर पिटाई कर दी। घटना को देख शादी में शामिल लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। पीड़ित युवक की रिपोर्ट पर पुलिस आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296,3(5), 351(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

उच्च शिक्षा हेतु आर्थिक सहयोग
सरगुजा, सूरजपुर एवं बलरामपुर जिले के ऐसे प्रतिभावान छात्र जो 12वीं के बाद आर्थिक कारणों से BE, M-TECH, M.B.B.S. एवं M.D. प्रवेश लेने के बावजूद आगे की पढ़ाई जारी नहीं रख पाते है। हम ऐसे छात्रों की प्रतिभा को निखारने की कोशिश करते हैं, आर्थिक मदद देकर जिससे वे अपने सपनों को पूरा कर लक्ष्य को प्राप्त कर सकें
कृपया ऐसे छात्र निम्न पते पर हमें संपर्क कर सकते है एवं ट्रस्ट की वेबसाईट www.sujanidevitrust.org पर भी online आवेदन कर सकते है
आवेदन की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2026
सुजानी देवी ट्रस्ट
अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा (छ.ग.)
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
मुकेश गोयल, प्रतापपुर मो. 09425585471, 09165794999
अजीत अग्रवाल , महामाया कम्प्यूटर्स ब्रम्ह रोड, अम्बिकापुर मो. 9425254169
प्रदीप सिंघल :- 9425547550

# मधुमक्खियों का झुंड सामने आने से कार टकराई पेड़ से, महिला की मौत

**अम्बिकापुर।** बीएड की परीक्षा देकर लौट रहे कार सवार सकालों धान मंडी के समीप अचानक मधुमक्खियों के झुंड के सामने आ जाने से चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा जिससे कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकराई गई। दुर्घटना में कार सवार महिला की मौत हो गई जबकि सवार अन्य लोगों को मामूली चोटें आई है। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार कुसमी निवासी राखी कश्यप पति सौरभ कुमार कश्यप (40 वर्ष) 17 जून को माध्यमिक शाला सिविलदाग स्कूल में शिक्षक के पद पर पदस्थ पति एव परिचित मुनेश्वर व चालक खुर्शीद हुसैन के साथ अपनी कार क्रमांक सीजी 15 ईएच 8484 से सागर बीएड की परीक्षा देने गए थे। 20 जून को सभी वाहन से वापस लौटने लगे और जैसे ही तड़के सकालो धान मंडी के आगे पहुंचे तभी अचानक सामने मधुमक्खियों के झुंड आ जाने से सामने दिखाई नहीं देने पर चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा जिससे वाहन सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। दुर्घटना में राखी गंभीर रूप से जबकि अन्य लोगों को मामूली चोटें आई। वाहन सवार मार्ग से गुजर रहे अन्य वाहन से घायल राखी को लेकर शहर के निजी अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत महिला को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### पेट दर्द से पीड़ित ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** पेट दर्द से पीड़ित ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार नवागढ़ निवासी नानफुनू सिंह आ. स्व. गेदाराम (50 वर्ष) की बचपन से दिमागी हालत ठीक नहीं था। गत दिन नानफुनू ने बड़े भाई श्याम सिंह को पेट में दर्द होने की बात बताई और अस्पताल चलने की बात कही। जिस पर श्याम सिंह ने दूसरे दिन जाने की बात कही। इसी बीच तड़के पेट दर्द काफी बढ़ जाने पर परिजन उसे तत्काल संजीवनी 108 से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपचार उसे मृत घोषित कर दिया।

## सुरक्षा प्रहरियों का एक करोड़ रुपये से अधिक का एरियर भुगतान अटका

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की केतकी भूमिगत खदान में कार्यरत सुरक्षा प्रहरियों के वेतन भुगतान को लेकर विवाद अब आंदोलन का रूप ले रहा है। संयुक्त कोयला मजदूर संघ एटक ने एसईसीएल प्रबंधन व ठेका कंपनी को अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी है कि यदि आगामी 7 दिनों के भीतर सुरक्षा प्रहरियों को एचपीसी वेजस और बकाया एरियर का भुगतान नहीं किया गया, तो श्रमिकों के साथ यूनियन पदाधिकारी अनशन पर बैठेंगे।

- एटक यूनियन ने वेजस पेमेंट के लिए प्रबंधन को सात दिवस का दिया अल्टीमेटम

यूनियन का आरोप है कि मेसर्स एसकेएमपीएल द्वारा संचालित केतकी भूमिगत खदान में कार्यरत सुरक्षा प्रहरियों का लंबे समय से आर्थिक शोषण किया जा रहा है और श्रम कानूनों की अनदेखी की जा रही है। इस मामले को लेकर श्रमिकों में भारी नाराजगी व्याप्त है। संयुक्त कोयला मजदूर संघ एटक के क्षेत्रीय सचिव पंकज कुमार गर्ग ने बताया कि करीब एक वर्ष पहले सुरक्षा प्रहरियों को निर्धारित दर से कम वेतन दिए जाने की शिकायत क्षेत्रीय श्रम आयुक्त बिलासपुर के समक्ष की गई थी। मामले की सुनवाई के बाद क्षेत्रीय श्रम आयुक्त ने 15 दिसंबर 2025 को पारित आदेश में तीन माह के भीतर सभी पात्र श्रमिकों को एचपीसी वेजस और बकाया एरियर का भुगतान करने के निर्देश दिए थे।श्री गर्ग ने बताया कि आदेश जारी होने के बाद निर्धारित समय-सीमा समाप्त हुए तीन माह से अधिक समय गुजर चुका है, लेकिन आज तक न तो वेतन विसंगति दूर की गई और न ही एरियर का भुगतान किया गया। यूनियन द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार वर्तमान में सुरक्षा प्रहरियों के लिए केंद्रीय न्यूनतम मजदूरी 781 रुपए प्रतिदिन निर्धारित है, जबकि ठेका कंपनी द्वारा मात्र 541 रुपए प्रतिदिन भुगतान दर्शाया जा रहा है। वहीं वर्ष 2026 के लिए निर्धारित एचपीसी वेज दर 1320 रुपए प्रतिदिन है। इस हिसाब से प्रत्येक श्रमिक को प्रतिदिन लगभग 539 रुपए का आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। यूनियन का दावा है कि इसी वजह से सुरक्षा प्रहरियों की कुल बकाया एरियर राशि अब एक करोड़ रुपए से अधिक हो चुकी है।एटक ने ठेका कंपनी और उसके सब-कॉन्ट्रैक्टर पर श्रम कानूनों के गंभीर उल्लंघन का आरोप लगाते हुए कहा है कि 8 जून तक श्रमिकों से प्रतिदिन 12-12 घंटे कार्य लिया गया, जो निर्धारित श्रम मानकों के विपरीत है,आरोप यह भी है कि शिकायतों से बचने के लिए संबंधित पक्षों द्वारा भ्रामक जानकारी प्रस्तुत की जा रही है और वैधानिक अधिकारों को दबाने का प्रयास किया जा रहा है।यूनियन ने एसईसीएल प्रबंधन से मांग की है कि ठेका कंपनी के खिलाफ तत्काल दंडात्मक कार्रवाई की जाए तथा सभी सुरक्षा प्रहरियों को उनका वैधानिक वेतन, एचपीसी वेजस और लंबित एरियर का भुगतान कराया जाए,एटक ने स्पष्ट किया है कि यदि सात दिनों के भीतर भुगतान नहीं हुआ तो श्रमिक लोकतांत्रिक तरीके से पहले अनशन और उसके बाद व्यापक आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे।

### शादी की खुशियां बदली मातम में, बारात निकलने से पहले कुआं में गिरने से एक सदस्य की मौत

**अम्बिकापुर।** शादी की खुशियां उस समय मातम में बदल गई जब युवक के बारात की तैयारी करने तथा बारातियों को भोजन कराने के दौरान परिवार के एक सदस्य बाड़ी स्थित कुआं में गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम रामपुर निवासी कृष्णा प्रसाद आ. स्व. मन बहाल (35 वर्ष) 19 जून को परिवार के ही चंद्रकांत का शादी कार्यक्रम चल रहा था। शाम को परिवार सहित घर आए मेहमान ग्राम कशलगिरी बारात जाने की तैयारी कर रहे थे और परिवार के लोग बारातियों को भोजन करा रहे थे।

इसी बीच रात लगभग 9 बजे कृष्णा भी भोजन कर घर के बाड़ी स्थित कुआं के पास हाथ धोने गया तभी अचानक कुआं में गिर गया। कुआं में गिरने की आवाज सुन घर आए मेहमानों ने घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन किसी तरह कृष्णा को अचेत हालत में बाहर निकाल तत्काल संजीवनी 108 से मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत ग्रामीण को मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनोरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज 25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

सरगुजा मार्केट

TOP IN SURGUJA
COURSES OFFERED:
UG COURSES: BCA | BBA | BCOM | BSC BIO | BSC MATHS | BSC CS | BA
PG COURSES: MSC CS | MSC IT | MSC BOTANY | MSC ZOOLOGY | MSC CHEMISTRY | MSC MATHS | MSC PHYSICS | MCOM | MSW | MA HINDI
PROFESSIONAL COURSES: DCA | PGDCA | PGDBM
के आर टेक्निकल कॉलेज SINCE 2008 WWW.KRTC.CO.IN
ADMISSION OPEN 2026-27
विद्यासागर छात्रवृत्ति 30%
COLLEGE CAMPUS: 9926513170, 9826612781
CITY OFFICE: 9826183771

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान !
समय :- सुबह 11:00 बजे से शाम 05 बजे तक
DR. SONAL DUBEY MBBS, MS

डॉ. प्राची MULTI SPECIALITY HOSPITAL
सोनोग्राफी की तत्काल सुविधा उपलब्ध
हमारी सेवाएं
सर्जरी सेवाएं
हड्डी की सर्जरी आयुष्मान कार्ड द्वारा उपलब्ध हैं
डॉ. प्राची जायसवाल M.B.B.S., D.G.O., FMAS
कार्मेल कॉन्वेन्ट स्कूल के सामने, सतपत्ता, विश्रामपुर 76106 06524, 7974491055

THE LOTUS CONSULTANCY
JABALPUR
INVITES YOU ALL FOR 2026-27
LOW PACKAGE/MERIT / MANAGEMENT/NRI
MBBS | BDS | MS | MD | BE | B.TECH
ADMISSION STARTED
COLLEGES COUNSELLING
DEEMED COLLEGE COUNSELLING
STATE PVT./ GOVT. COLLEGES
FORM FILLUP ASSISTANCE
LOW PACKAGE
CG, MP, UP, BIHAR, KARNATAKA CHENNAI MAHARASHTRA, DELHI, HARYANA, UTTARAKHAND, etc..
100% Admission Assistance
Available On Sunday in Ambikapur
CALL FOR PERSONAL GUIDANCE
ANU SHARMA 9109920477

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
दिनांक - 28 जून 2026, दिन - रविवार
विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
7587722255

डॉ. शिवानी अग्रवाल
MBBS, MD Pediatrics
देश के श्रेष्ठतम संस्थान PGIMER चंडीगढ़ से प्रशिक्षित नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
OPD समय: सुबह 10:00 बजे - 2:00 बजे शाम 5:00 बजे - 7:00 बजे
24×7 इमरजेंसी सेवा उपलब्ध
प्रकाश हॉस्पिटल
मो. 9713667433, 9617247433

न्यूरो एवं नस रोग विशेषज्ञ
डॉ. चंदन दूबे
MBBS, MS, MCH NEUROSURGERY (IPGME&R, KOLKATA)
मस्तिष्क एवं रीढ़ की निम्न समस्याओं में संपर्क करें
लकवा (स्ट्रोक), हाथ पैर में झुनझुनाहट, मिर्गी आना, गर्दन एवं कमर में दर्द माइग्रेन (सर दर्द), पार्किसन्स, चक्कर आना, हाथ पैर में कंपन, मस्तिष्क ट्यूमर सायटिका, मल्टीपल स्क्लेरोसिस, अल्जाइमर (याददाश्त खोना) ब्रेन एवं स्पाईन उपचार एवं सर्जरी
प्रतिदिन आपके शहर अम्बिकापुर में उपलब्ध...
• श्री महावीर हॉस्पिटल, सांई मंदिर के पास, गांधी नगर अम्बिकापुर, 6263080332 (समय : 2-4 बजे तक)
• सांई पॉलीक्लिनीक, जिला हॉस्पिटल के सामने अम्बिकापुर, 7987423885 (समय : 5-7 बजे तक)

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप



### न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं एवं कर्मचारियों ने एक साथ किया योगाभ्यास

**सूरजपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला न्यायालय परिसर में सकारात्मकता एवं एकजुटता से परिपूर्ण वातावरण में सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया गया। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती विनीता वार्नर के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में न्यायपालिका से जुड़े सभी वर्गों ने एक साथ योग किया। कार्यक्रम में प्रमुख योग शिक्षक राजेंद्र प्रसाद पाठक एवं सह-योग शिक्षक कुमारी नेहा सोनी ने विभिन्न आसनों एवं प्राणायाम का जीवंत प्रदर्शन कराया। उन्होंने सरल एवं ज्ञानवर्धक तरीके से बताया कि किस आसन से शरीर को क्या विशेष लाभ मिलते हैं तथा विभिन्न आयु वर्ग एवं शारीरिक क्षमता वाले लोगों को कौन-से आसन करने चाहिए और किन सावधानियों का ध्यान रखना चाहिए। इस अवसर पर प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मानवेंद्र सिंह ने कहा कि योग को केवल एक दिन तक सीमित न रखकर इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की आवश्यकता है, क्योंकि मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के लिए योग एक अचूक माध्यम है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव पायल टोपनो ने इस वर्ष की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग पर प्रकाश डाला और कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य योग के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति को दीर्घ, स्वस्थ एवं रोग मुक्त जीवन की ओर प्रेरित करना है। इस दौरान वरिष्ठ एवं कनिष्ठ न्यायाधीश, अधिवक्ता तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं न्यायालय के समस्त न्यायिक कर्मचारियों ने एक साथ योगाभ्यास किया।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कृषि मंडी प्रांगण में किया गया सामूहिक योगाभ्यास



**राजपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कृषि मंडी प्रांगण में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लेकर योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन का संदेश दिया।योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में उपस्थित लोगों ने प्रार्थना के साथ योग सत्र की शुरुआत की। इस दौरान ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्ध चक्रासन, भद्रासन, वज्रासन, योग निद्रासन और मकरासन सहित विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया गया। साथ ही भ्रामरी प्राणायाम एवं ध्यान के माध्यम से मानसिक शांति और एकाग्रता का महत्व भी बताया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश मंत्री शिवनाथ यादव ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के समन्वय का वैज्ञानिक माध्यम है। योग व्यक्ति को स्वस्थ, अनुशासित एवं सकारात्मक जीवन जीने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय की भागदौड़ भरी जीवनशैली में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखना बड़ी चुनौती है, ऐसे में योग निरोगी जीवन का सबसे प्रभावी उपाय बनकर सामने आया है। योग से व्यक्ति में आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और नई ऊर्जा का संचार होता है। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष विनय भगत, शिवनाथ जायसवाल, जगवंशी यादव, उदय यादव, राजेश यादव, बरकत अंसारी, एसडीएम देवेंद्र प्रधान, तहसीलदार कावेरी मुखर्जी, जनपद सीईओ संजय दुबे, नगर पंचायत सीएमओ रविंद्र लाल, कार्यक्रम अधिकारी मानसाय सिदार, श्यामलाल गुप्ता, कृष्णा गुप्ता, जयसिंह सहित योग प्रशिक्षक चोंन्हाती सिंह, अनिल गुप्ता और अशोक बंसल उपस्थित रहे।

## एसजीजीयू परिसर में किया गया योग का अभ्यास

# योग, शरीर, मन एवं आत्मा को एकाग्र करने का विज्ञान



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

एसजीजीयू की रासेयो इकाई द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया। विवि के सिटी ऑफिस, दर्रीपारा परिसर में विवि के अधिकारियों-कर्मचारियों एवं स्वयंसेवकों ने योगासनों का अभ्यास किया।

कार्यक्रम में कुलपति प्रो.राजेन्द्र लाकपाले ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह शरीर, मन और आत्मा को एकाग्र करने का संपूर्ण विज्ञान है। आधुनिक जीवन शैली के तनाव से मुक्त रहने और वृद्धावस्था में भी ऊर्जावान बने रहने के लिए दैनिक दिनचर्या में योग को शामिल करना अनिवार्य है। कुलसचिव डॉ.शारदा त्रिपाठी ने कहा कि युवा योग को केवल एक दिन के उत्सव तक सीमित न रखकर इसे अपने जीवन का स्थायी हिस्सा बनाएं। योग शिक्षिका श्रीमती ममता तिवारी योग और प्राणायाम के व्यवहारिक तथा वैज्ञानिक लाभों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि निरंतर योगाभ्यास से असाध्य रोगों से बचा जा सकता है। जिला संगठक खेमकरण अहिरवार ने युवाओं में सामाजिक चेतना के साथ स्वास्थ्य चेतना जगाने में योग की भूमिका की सराहना की।



### उद्यानिकी महाविद्यालय में मनाया गया योग दिवस

उद्यानिकी महाविद्यालय तथा शासकीय महाविद्यालय, सिलफिली द्वारा संयुक्त रूप से योग दिवस मनाया गया। योगाभ्यास कार्यक्रम में प्रारम्भ में शरीर के विभिन्न अंगों के संचालन से संबंधित हाथ एवं टखनों का संचालन, ग्रीवा संचालन तथा मेरूदण्ड संचालन कराया गया। इसके पश्चात प्राचार्य श्री बनाफर ने तितली आसन, ध्यान, सूर्य नमस्कार, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी प्राणायाम, कपालभाति तथा शवासन का अभ्यास कराया। उन्होंने कहा कि विभिन्न योगासन एवं प्राणायामों का नियमित अभ्यास स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। अधिष्ठाता डॉ.रविन्द्र तिग्गा ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते तनाव, अनियमित जीवनशैली एवं विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं के बीच योग एक सरल, सुलभ एवं प्रभावी समाधान प्रदान करता है।



### शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में किया गया योगाभ्यास

शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में रासेयो एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वाधान में योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में श्री श्री गुरूकुलम के प्राचार्य एवं स्टूडेंट काउंसलर अजय कुमार तिवारी ने कहा कि वर्तमान समय तनावपूर्ण एवं प्रतिस्पर्धात्मक जीवनशैली में योग शारीरिक सुदृढ़ता, मानसिक शांति एवं भावनात्मक संतुलन प्रदान करने का सबसे प्रभावी माध्यम है। प्राचार्य डॉ.राम नारायण खरे ने कहा कि योग भारत की प्राचीन एवं वैज्ञानिक जीवन-पद्धति है जो शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करती है। इस दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न योग एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया तथा उनसे होने वाले लाभ के बारे में बताया। योगाभ्यास कार्यक्रम में सभी प्राध्यापक, कर्मचारी एवं स्वंयसेवक शामिल थे।



### ओपीएस में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

ओपीएस के प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। विद्यार्थियों के साथ शिक्षकों एवं प्राचार्य ने योगाभ्यास किया। प्राचार्य डॉ.आईए खान सूरी ने कहा कि भारत की यह पौराणिक शारीरिक क्रिया ने पूरे विश्व को अंगीकार करने हेतु बाध्य किया है। इससे हमें शारीरिक और मानसिक स्वस्थता मिलती है। हम अपने मन की पशुता को योग के माध्यम से शांत कर एक सभ्य और स्वास्थ्य समाज में सकारात्मक ऊर्जा संचारित करते हैं। योग से एकाग्रता बढ़ती है क्रोध शांत होता है, डिप्रेशन दूर होता है और जीवन शैली में अनुशासन आता है। योगाभ्यास उपरांत विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया।



### साई कॉलेज में मना विश्व योग दिवस

श्री साई बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रविवार को विश्व योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.राजेश श्रीवास्तव और शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ.दिनेश शाक्य ने प्राध्यापकों एवं अधिकारी-कर्मचारियों को योगाभ्यास कराया। इस दौरान ग्रीवा संचालन, ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्धचक्रासन, भद्रासन, शशांकासन, वक्रासन, भुजंगासन, सेतुबंधासन, उत्तानपदासन, श्वासन का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर एनईपी प्रभारी डॉ.आरएन शर्मा, आईक्यूएसी समन्वयक डॉ.शैलेष देवांगन, लाइफ साईंस विभाग के अध्यक्ष डॉ.अरविंद तिवारी तथा सभी प्राध्यापक, कर्मचारी, अधिकारी उपस्थित रहे।



### नगर में उत्साह पूर्वक मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**रामानुजगंज।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्थानीय लरंगसाय कम्युनिटी हॉल में भव्य योग महोत्सव का आयोजन उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नगर के वरिष्ठ नागरिकों, प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय कायाकल्प योग कक्षा के स्वयंसेवकों सहित बड़ी संख्या में नगरवासियों ने सहभागिता कर योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीएम आनंद नेताम एवं उपस्थित वरिष्ठ द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन शैलेश गुप्ता द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि योग भारत की प्राचीन संस्कृति की अमूल्य धरोहर है और स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए योग को जन-जन तक पहुंचाना समय की आवश्यकता है।योग प्रशिक्षण सत्र में ज्ञानेंद्र वाजपेयी, जितेंद्र गुप्ता एवं सेमी गुप्ता द्वारा विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं उनके स्वास्थ्य लाभों की जानकारी देते हुए उपस्थित लोगों को योगाभ्यास कराया गया। प्रशिक्षकों ने नियमित योग के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर नगर पालिका अधिकारी सुधीर श्रीवास ने सभी अतिथियों, योग प्रशिक्षकों, स्वयंसेवकों एवं सहभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण में योग की महत्वपूर्ण भूमिका है और ऐसे आयोजनों से लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है।

### स्वस्थ जीवनशैली व अनुशासन के संदेश के साथ मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**बिश्रामपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कोयलांचल समेत आसपास इलाके में स्वास्थ्य, अनुशासन और सकारात्मक जीवनशैली का संदेश देते हुए कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। स्वस्थ आयु के लिए योग थीम पर आयोजित इन कार्यक्रमों में विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों, स्वयंसेवकों और खेल प्रेमियों ने भाग लिया। सामूहिक योगाभ्यास, प्राणायाम और ध्यान के माध्यम से लोगों को स्वस्थ एवं तनावमुक्त जीवन जीने का संदेश दिया गया, पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जयनगर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाओं, विद्यार्थियों और अभिभावकों ने सामूहिक योग सत्र के दौरान प्रतिभागियों ने ताड़ासन, वृक्षासन, वज्रासन, भुजंगासन, पश्चिमोत्तानासन, शवासन, सूर्य नमस्कार, भ्रामरी प्राणायाम तथा ध्यान का अभ्यास किया, खेलो इंडिया सेंटर हर्राटिकरा में भी सुबह विशेष योग सत्र आयोजित किया गया,कार्यक्रम का उद्धेश्य स्वास्थ्य, शारीरिक फिटनेस, मानसिक सुदृढ़ता और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना था। सेंटर में उपस्थित खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं स्थानीय नागरिकों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया,नगर पंचायत शिवनंदनपुर में अध्यक्ष अध्यक्ष रितेश जायसवाल, भाजपा नेता अजय गोयल, विनोद शाह, पार्षद चंदन सिंह, मनी बग्गा, विवेक जायसवाल, सीएमओ सुनील सिन्हा व पार्षदों के अलावा अन्य लोगों ने योग दिवस पर विभिन्न योगासनों को किया। नगर पंचायत बिश्रामपुर में अध्यक्ष निर्मला यादव, उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान, सीएमओ सुशील कुमार तिवारी व पार्षदों द्वारा विभिन्न योगासन क्रियाएं की गई।

### दसवीं बटालियन प्रांगण में दो सौ से अधिक लोगों ने एक साथ किया योग प्राणायाम

कमलपुर सिलफिली स्थित दसवीं बटालियन में सेनानी प्रशांत कतलम के मार्गदर्शन में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया,इस वर्ष योग दिवस की केंद्रीय थीम 'स्वस्थ आयु के लिए योग' रही। कार्यक्रम के दौरान डॉ संतोष सिंह, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (आयुष) सोनगरा, योगाचार्य विनीत मिश्रा, तथा महिला पतंजलि योग समिति सरगुजा की ललिता श्रीवास्तव एवं सीमा गुप्ता



की अनुभवी टीम ने आयुष मंत्रालय द्वारा निर्धारित कॉमन योगा प्रोटोकॉल के अनुसार वैज्ञानिक पद्धति से योगाभ्यास कराया,विशेषज्ञों ने तनाव प्रबंधन, उच्च रक्तचाप, मधुमेह और श्वास संबंधी रोगों में योग एवं प्राणायाम के लाभों की विस्तृत जानकारी भी दी। इस अवसर पर उप सेनानी बीआर भगत, सहायक सेनानी श्रीमती कविता ठाकुर एवं सुधीर कुजूर,सीसी पंकज तिवारी,निरीक्षक (अ)आशा तिर्की, प्रतिमा लकड़ा, पीसी शिवजी यादव, विकास शर्मा, एपीसी नरेंद्र साहू, अनिल गुप्ता, सउनि माधवी सिंह चौहान,जीतूमनी सिंह,एपीसी (नर्सिंग) पूजा मिश्रा,सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी, बटालियन परिवार की महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे।कार्यक्रम में 200 से अधिक लोगों ने उत्साह एवं अनुशासन के साथ योगाभ्यास में भाग लेते हुए योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल कर शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनने का सामूहिक संकल्प व्यक्त किया।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर डीएवी स्कूल के बच्चों ने की विभिन्न योग क्रियायें

नगर के डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर में प्राचार्या अनामिका भारती जी के नेतृत्व में 21 जून को 'स्वस्थ आयु के लिए योग' थीम पर आधारित 12वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। आयोजन का शुभारंभ योग प्रार्थना से किया गया। कार्यक्रम समन्वयक वरिष्ठ क्रीड़ा शिक्षक पीके वैद्य एवं खेल शिक्षिका चित्रावती मिश्रा के निर्देशन में प्राचार्य,अध्यापक अध्यापिकाएं, कार्यालय स्टाफ, विद्यार्थीगण एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के द्वारा सामूहिक रूप से विविध योगासनों ताड़ासन,मकरासन, सुखासन, भुजंगासन, बज्रासन, वृक्षासन,



हलासन, शशांक आसान, शवासन, उत्तानपादासन आदि तथा अनुलोम - विलोम , कपालभाति, भ्रामरी, शीतली, ध्यान आदि प्राणायाम की क्रियाएं की गई, संस्कृत शिक्षक अमूल्य भोई के द्वारा समस्त विद्यालय परिवार को अपने मन को हमेशा संतुलित रखने, अपने कर्तव्य, स्वयं के प्रति, कुटुम्ब के प्रति, समाज और विश्व के प्रति, शांति, आनंद और स्वास्थ्य के प्रचार के प्रति प्रतिबद्धता की योग शपथ दिलाई गई।



## जिला साहू समाज के चुनाव को लेकर भामाशाह भवन में हुई बैठक, प्रदेश से पहुंचे चार पर्यवेक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिला साहू समाज के अध्यक्ष एवं अन्य पदों के लिए चुनाव प्रक्रिया को सुचारू और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रदेश साहू संघ के निर्देशानुसार चार सदस्यीय पर्यवेक्षक दल सरगुजा जिला मुख्यालय पहुंचा। चुनाव को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक स्थानीय भामाशाह भवन में आयोजित की गई, जिसमें जिले के सभी तहसीलों से बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।

बैठक की शुरुआत समाज की आराध्य देवी भक्त माता कर्मा के तैलचित्र पर पूजा-अर्चना, दीप प्रज्वलन एवं कर्मा आरती के साथ गरिमामय माहौल में हुई।प्रदेश साहू संघ की ओर से आए मुख्य पर्यवेक्षकों में राजेश कुमार साहू, यतीश कुमार साहू, मनोज कुमार साहू एवं रेवा लाल साहू शामिल रहे। पर्यवेक्षकों ने चुनाव प्रक्रिया को लेकर सदन में उपस्थित सभी सामाजिक बंधुओं से एक-एक कर उनकी राय और सुझाव मांगे, जिस पर समाज के कई वरिष्ठ व युवा सदस्यों ने अपने विचार साझा किए। सभी पक्षों को सुनने और व्यापक विचार-विमर्श के बाद प्रदेश पर्यवेक्षकों द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिए गए कि पूर्व से जो भी सदस्य आजीवन सदस्य के रूप में पंजीकृत हैं, वे यथावत बने रहेंगे। जिन सामाजिक बंधुओं ने साहू समाज के भवन निर्माण या जमीन खरीदने में अपनी सहयोग राशि और अमूल्य योगदान दिया है, उनका नाम भी वोटर लिस्ट में अनिवार्य रूप से जोड़ा जाएगा। चुनाव प्रक्रिया को और अधिक लोकतांत्रिक बनाने के लिए जिले में एक विशेष सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत 31 सौ रुपये का शुल्क लेकर नए सदस्य बनाए जाएंगे, जिसके बाद यह चुनाव संपन्न कराया जाएगा।साहू समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि बैठक में सरगुजा जिले के कोने-कोने से समाज के लोगों ने हिस्सा लिया और समाज की एकजुटता तथा प्रगति का परिचय दिया। बैठक में प्रयागराज साहू, जनक लाल साहू, देव कुमार साहू, जवाहर साहू, दिनेश साहू, सुरेंद्र साहू, भोलाराम साहू, संदीप साहू, उपेंद्र गुप्ता, सरोज साहू, संजय गुप्ता, पालू गुप्ता, सूर्य प्रकाश साहू, अभय साहू, मुनेश्वर साहू, गिरिजाशंकर साहू, पारस साहू, आदित्य गुप्ता, सुभाष साहू, रामनरेश गुप्ता, गिरधारी गुप्ता, संजय गुप्ता, परमेश्वर गुप्ता, रामनरेश प्रसाद गुप्ता, राजीव कुमार गुप्ता, सुनील साहू, हेमंत कनौजिया, बहादुर साहू, शिव कुमार साहू, उमेश साहू, राकेश साहू, रामकिशुन साहू, अवधेश साहू, राजकुमार साहू, सुनील साहू, विनोद साहू, शिवशंकर साहू, राजेंद्र साहू, मेघनाथ साहू, ब्रिजलाल गुप्ता, मनोज गुप्ता, शशिकांत गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, संतोष गुप्ता, मुंशी गुप्ता, नंदू प्रसाद गुप्ता, अशोक कुमार गुप्ता, चंदा साहू, संगीता साहू, किरण साहू, प्रियांका गुप्ता, मंजू गुप्ता सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

> ■ विशाल सदस्यता अभियान के बाद कराया जाएगा अध्यक्ष एवं अन्य पदों का चुनाव

### मानव उत्थान समिति के कार्यकर्ताओं ने किया योगाभ्यास

**अम्बिकापुर।** मानव उत्थान सेवा समिति के दर्रीपारा आश्रम में योगाचार्य सूर्य प्रकाश दास, सूर्य प्रताप नाग एवं सविता ने सदस्यों को योगाभ्यास एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। महात्मा सुगंधी बाई एवं निरंजन बाई की उपस्थिति में कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास किया।










